# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–03 जनवरी 2026** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में भगवान बुद्ध से संबंधित पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतरर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि भगवान बुद्ध द्वारा दिखाया गया मार्ग और ज्ञान समस्त मानवता के लिए है और उनके पवित्र अवशेष मात्र कलाकृतियां नहीं बल्कि देश की विरासत का अभिन्न अंग हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में बौद्ध सर्किट का निर्माण किया जा रहा है।

***बोधगया में कन्वेंशन सेंटर और मेडिटेशन वन एक्सपीरियंस सेंटर बनाया गया है। सारनाथ में धमेख स्तूप पर लाइटें साउंड शो और बुद्ध थीम पार्क का निर्माण किया गया है। श्रावस्ती, कपिलवस्तु और कुशीनगर में आधुनिक सुविधाओं का निर्माण किया गया है। आज देश में एक बौद्ध सर्किट बनाया जा रहा है, ताकि भारत के सभी बौद्ध तीर्थ स्थलों की आपस में बेहतर कनेक्टिविटी हो।***

**********

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज पौष पूर्णिमा पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। ब्रह्ममुहुर्त से ही लोग पवित्र नदियों में स्नान, ध्यान और पूजन अर्चन कर रहे हैं। प्रयागराज में आज से माघ मेले का शुभारम्भ हो गया।

***पौष पूर्णिमा के स्नान के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे हैं। भोर होते ही संगम तट पर जयकारों का शोर गूजने लगा। कल्पसावियों ने भी शिविरों में डेरा डाल दिया है। श्रद्धालु सभी घाटों पर भी स्नान कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन की तरफ से व्यापक प्रबंधन किए है। इस बार आठ सौ हेक्टेयर में मेला क्षेत्र बसाया गया है। जिसको सात सेक्टरों में बाटा गया है। श्रद्धालुओ के लिए बयालिस स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था है। त्वरित उपचार के लिए बीस–तीस बेड के दो अस्पताल बनाए गये हैं। मेला क्षेत्र में सत्रह थाने, बयालीस चौकिंया और एक पुलिस कंट्रोल रूप स्थापित किया गया है। चार सौ सीसी टीवी कैमरें लगाए गये हैं। माघ मेले छः प्रमुख स्नान होगें और महाशिवरात्रि पर पावन स्नान के साथ ही यह आयोजन संपन्न होगा। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार माघ मेला क्षेत्र प्रयागराज।***

वहीं चित्रकूट के राम घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का क्रम जारी है। अमरोहा के गंगा धाम तिगरी में भोर से ही ठंड और कोहरे के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान कर रहे हैं।

काशी में माघ मेले के अंतर्गत गंगा स्नान के लिए लाखों श्रद्धालु पहुंचे हैं। गंगा घाट के पुरोहितों के अनुसार पौष पूर्णिमा से माघी पूर्णिमा तक स्नान–ध्यान का विशेष महत्व है। लखनऊ में गोमती तट और हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में भी श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पूजा–अर्चना की।

**********

लखनऊ के नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान को कुकरैल में स्थानांतरित किए जाने पर फिलहाल रोक लग गई है। सुप्रीम कोर्ट की केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति–सीईसी ने चिड़ियाघर की शिफ्टिंग को मंजूरी देने से इनकार कर दिया है। हालांकि, समिति ने कुकरैल में प्रस्तावित नाइट सफारी परियोजना को कई कड़ी शर्तों के साथ अनुमति दे दी है, लेकिन इसके साथ प्रस्तावित एडवेंचर जोन को रद्द कर दिया है। सीईसी ने अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपते हुए कहा है कि नाइट सफारी को पहले ही केंद्रीय प्राणि उद्यान प्राधिकरण से अनुमति मिल चुकी है, इसलिए इसे आगे बढ़ाया जा सकता है।

**********

वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक कालखंड है। इस वर्ष की नीतियों से प्रगति को नई दिशा मिली और इरादों के सार्थक परिणाम मिले। विशेष श्रृंखला, सुधारों का वर्ष में प्रस्तुत है 2025 के दौरान वित्त क्षेत्र में भारत की प्रगति पर एक रिपोर्ट–

***2025 में समानता, नवाचार, तकनीक और वैश्विक प्रभाव के क्षेत्र में भारत की प्रगति को दुनिया भर में बड़ी पहचान मिली। वर्ल्ड बैंक ने भारत को दुनिया के सबसे समान समाजों में से एक बताया। भारत का जी इंडेक्स 25 दशमलव 5 रहा, जो चीन, अमरीका और सभी जी 7 तथा जी20 देशों से बेहतर है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार भारत में सामाजिक सुरक्षा का दायरा 2015 में 19 प्रतिशत था, जो 2025 में बढ़कर 64 दशमलव 3 प्रतिशत हो गया है। भारत की डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को भी वैश्विक स्तर पर सराहना मिली है। नितिका के साथ अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

वाराणसी में सिगरा स्थित डॉक्टर संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में कल से 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चौंपियनशिप का आयोजन होगा। प्रतियोगिता का वर्चुअल उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्टेडियम में मौजूद रह कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएंगे। चैंपियनशिप में देशभर से 1022 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें अब तक 15 राज्यों की टीमों के 180 खिलाड़ी वाराणसी पहुंच चुके हैं। पहली बार अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल महासंघ के ऑब्जर्वर इस आयोजन की निगरानी करेंगे। खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए आधुनिक सुविधाओं के साथ प्रवेश निःशुल्क रखा गया है।

**********